PATRIKA, Ahmadabad, 1.10.2019
Page No. 2, Size:(6.11)cms X (17.01)cms.

वडोदरा स्टेशन पर होगा शुरू बुलेट ट्रेन के लिए निर्माण कार्य

अहमदाबाद. मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन वडोदरा, भरूच एवं आणंद स्टेशनों पर भी ठहरेगी।

बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के लिए हाई स्पीड ट्रैक के निर्माण कार्य के लिए वडोदरा स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या 6 एवं 7 को लंबे समय तक बंद रखा जाएगा। इसके चलते वडोदरा स्टेशन पर यातायात दबाव और अधिक बढ़ेगा। वडोदरा स्टेशन के निकट फ्लैग स्टेशन छायापुरी रेलवे स्टेशन 43 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया गया है। यह वडोदरा-अहमदाबाद लाइन तथा वडोदरा-रतलाम लाइन को जोड़ने वाले बायपास पर है। अहमदाबाद-रतलाम तथा आगे की यात्रा की ट्रेनों को चलाने के लिए छायापुरी स्टेशन के लिए एक सेटेलाइट स्टेशन के रूप में अपनी सेवाएं देगा।